मार्केट प्लस

इरकॉन की सीएसआर पहल, नेत्रहीन स्कूल को मिल रही सौर ऊर्जा से बिजली

नई दिल्ली. इरकान इंटरनेशनल लिमिटेड ने कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत जनता आदर्श अंध विद्यालय, सादिक नगर नई दिल्ली की बुनियादी संरचना को अपग्रेड करने में मदद की है. इरकॉन ने स्कूल भवन की छत पर 30 किलोवॉट के सोलर पैनल तथा एलईडी लाइटिंग इंस्टाल किया है जिससे स्कूल के परिचानल लागत में काफी कमी आ गई है. जनता आदर्श अंध विद्यालय नेत्रहीन छात्रों के लिए एक रिहायशी स्कूल है, जिसमें पहली से आठवीं कक्षा के 120 विद्यार्थी हैं. सोलर पैनल के इंस्टॉलेशन से कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है. इस कदम से बिजली की कमी की समस्या का स्थायी समाधान निकल सकेगा और बिजली के बिल में भी भारी बचत होगी. इरकॉन की इस सीएसआर पहल के परिणामस्वरूप स्कूल हर महीने बिजली के बिल में लगभग 23 हजार रुपए की बचत कर सकेगा. इस प्रकार उसे 2 लाख 76 हजार रुपए की सालाना बचत होगी जिसका इस्तेमाल नेत्रहीन छात्रों की शिक्षा के लिए किया जा सकेगा.